www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**UPSC CSE 2018 MAINS PAPER 6 OCTOBER 07, 2018 MANAGEMENT OPTIONAL PAPER - I QUESTION PAPER**

CS (MAIN) EXAM:2018

EGT-P-MGMT

# प्रबन्धन / MANAGEMENT

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*आपने उत्तरों के समर्थन में, यदि आवश्यक समझें, आधार-सामग्री देकर इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख कीजिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) 'आवश्यकताओं', 'अभावों' और 'माँगों' के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए । इनमें से कौन-सा एक विपणन के लिए आरंभिक बिंदु है ? क्या विपणनक आवश्यकताएं उत्पन्न करते हैं ?

Explain the difference between 'needs', 'wants' and 'demands'. Which one of these is the starting point for marketing ? Do marketers create needs ? *10*

(b) "बेहतर चूहेदानी बनाओ, संसार उनके द्वार तक मार्ग निकाल ही लेगा," यह वक्तव्य किस विपणन प्रबन्धन अभिविन्यास के सार को संप्रेषित करता है ?

यह संकल्पना प्रतिस्पर्धी विपणन परिदृश्य में किस कारण सही उपागम नहीं है ?

The statement "build a better mousetrap, the world will beat a path to their door" communicates the essence of which marketing management orientation ?

Why is this concept not the right approach in a competitive marketing scenario ? *10*

(c) चतुर विपणनक बाज़ार को इस समझ के साथ प्रवेश करते हैं, कि वे सभी ग्राहकों/खरीदारों को आकर्षित नहीं कर सकते हैं । अतः वे 'शॉटगन' उपागम के बजाय 'राइफल' उपागम अपनाते हैं । समकालीन कारोबारी परिवेश में इन दोनों उपागमों में कौन-सा अधिक प्रभावी है और क्यों ?

Smart marketers approach market with an understanding that they cannot appeal to all customers/buyers. Therefore they adopt the 'rifle' approach instead of the 'shotgun' approach. Which of the two approaches is more effective in the contemporary business environment and why ? *10*

(d) मानव संसाधन (एच.आर.) परीक्षण को परिभाषित कीजिए । मानव संसाधन परीक्षण के लिए अनुसरित विभिन्न पद्धतियों का वर्णन कीजिए ।

Define Human Resource (HR) Audit. Describe the various practices followed for HR Audit. *10*

(e) 'दूरदर्शिता', 'मिशन' और 'उद्देश्यों' से क्या तात्पर्य है ? उद्देश्यों की प्रकृति और अभिलक्षणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

What is meant by 'vision', 'mission' and 'objectives' ? Briefly explain the nature and characteristics of objectives. *10*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q2.** (a) प्रतिपूर्ति के सिद्धांतों की व्याख्या संक्षेप में कीजिए । मौद्रिक और अमौद्रिक प्रतिफलों के विभिन्न प्रकार क्या-क्या हैं ? अमौद्रिक प्रतिफलों का उपयोग करने के गुण व दोष क्या-क्या हैं ?

Briefly explain the theories of compensation. What are the different types of monetary and non-monetary rewards ? What are the merits and demerits of using non-monetary rewards ? *15*

(b) अभिप्रेरण एक सरल प्रक्रम है किन्तु अभिप्रेरित करने का कार्य साहसपूर्ण होता है । हर्ज़बर्ग का सिद्धान्त स्वच्छता और अभिप्रेरक कारकों पर आधारित है । स्पष्ट कीजिए कि संगठन के विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने के लिए, इस सिद्धान्त का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है ।

Motivation is a simple process but the task of motivating is daunting. Herzberg's theory is based on hygiene and motivator factors. Explain how this theory can be used to motivate employees at different levels of an organisation. *15*

(c) रेखा विस्तारण तथा ब्रांड विस्तारण रणनीति में विभेदन कीजिए । किस कारण संगठन बाज़ारों को विभिन्न प्रकारों के उत्पाद रूपान्तरणों से भर देते हैं ?

Differentiate between line extension and brand extension strategy. Why do organisations proliferate markets with different types of product variations ? *10*

(d) पूँजी परिसम्पत्तियों के वित्तीयन की एक विधि के रूप में, पट्टे पर लेने के आर्थिक औचित्य (तर्काधार) की व्याख्या कीजिए । प्रचालन पट्टे और पूँजी पट्टे के मध्य क्या-क्या अंतर होते हैं ?

Explain the economic rationale behind leasing as a mode of financing capital assets. What are the differences between an operating lease and a capital lease ? *10*

**Q3.** (a) 'भूमिका' और 'लक्ष्य' के बीच सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए । भूमिका द्वंद्व तथा भूमिका अस्पष्टता के बीच विभेदन कीजिए । संगठन के कार्य पर इनके क्या-क्या प्रभाव होते हैं ?

Explain the relationship between 'role' and 'goal'. Differentiate between role conflict and role ambiguity. What effects do these have on the working of the organisation ? *15*

(b) नेतृत्व करने में नेता किन-किन विभिन्न प्रकारों के कौशलों का इस्तेमाल करते हैं ? विवेचना कीजिए कि किस कारण संगठन के उच्चतर स्तरों पर संकल्पनात्मक नेतृत्व कौशल अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं और तकनीकी कौशलों का महत्त्व कम हो जाता है ।

What are the different types of skills leaders use in leading ? Discuss the reasons why conceptual leadership skills become more important and technical skills go down in importance, at higher levels of organisation. *15*

www.prepp.in

(c) ऑनलाइन इंटरनेट विपणन के सन्दर्भ में, चार प्रकार प्रभेदित हैं : कारोबार से ग्राहक (B2C), कारोबार से कारोबार (B2B), ग्राहक से ग्राहक (C2C) और ग्राहक से कारोबार (C2B)। उदाहरणों की सहायता से इनकी व्याख्या कीजिए।

In the context of Online Internet Marketing, four types are distinguished : Business to Consumer (B2C), Business to Business (B2B), Consumer to Consumer (C2C) and Consumer to Business (C2B). Explain these with the help of examples. *10*

(d) मालसूची के अंतिम मूल्य पर 'फ़ीफ़ो' बनाम (भारित) औसत लागत के प्रभाव तथा कर-पूर्व आय (पी.बी.टी.) के मध्य वैषम्य दर्शाइए, जब

(i) मूल्य बढ़ रहे हों, और

(ii) मूल्य घट रहे हों।

व्याख्या कीजिए कि मालसूची मूल्य-निर्धारण विधि के चयन के द्वारा आय को किस प्रकार ऊपर-नीचे किया जा सकता है।

Contrast the effect of FIFO versus (weighted) average cost on ending value of inventory and pre-tax income (PBT), when

(i) Prices are rising, and

(ii) Prices are falling.

Explain how income can be manipulated by the choice of inventory valuation method. *10*

**Q4.** (a) स्पष्ट कीजिए कि आधारिक संप्रेषण प्रक्रम की सहायता से विपणन संप्रेषण किस प्रकार कार्य करते हैं। विपणन संप्रेषण मिश्रण के कौन-कौन से तत्त्व हैं ?

Explain how do marketing communications work with the help of basic communication process. What are the elements of marketing communication mix? *15*

(b) एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने लिखा था कि "कारोबार का एक और केवल एक सामाजिक उत्तरदायित्व है — संसाधनों का उपयोग करना और अपने मुनाफ़ों में बढ़ोतरी करने वाले कार्यकलापों में लगे रहना..."। सामाजिक तौर पर उत्तरदायी होने के लिए व्यवसाय पर बढ़ते हुए दबाव के सन्दर्भ में इस वक्तव्य का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

A famous economist wrote that "there is one and only one social responsibility of business — to use resources and engage in activities designed to increase its profits...". Critically evaluate this statement in the context of increasing pressure on business to be socially responsible. *15*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(c) प्रबंधकीय निष्पादन को प्रभाविता और कार्यकुशलता के दो प्राचलों के द्वारा निर्णित/मापित किया जा सकता है । क्या उच्च कार्यकुशलता वाला कोई संगठन या प्रबंधक विफल हो सकता है ? व्याख्या कीजिए, क्यों ।

Managerial performance can be judged/measured by two parameters of effectiveness and efficiency. Can an organisation or manager with high efficiency fail ? Explain why. *10*

(d) एक मानक लागत प्रणाली के बुनियादी (प्राथमिक) उपयोग क्या क्या हैं ? अनुकूल एवं प्रतिकूल लागत (और राजस्व) भिन्नताओं के बीच विभेदन कीजिए ।

What are the primary uses of a standard cost system ? Distinguish between favourable and unfavourable cost (and revenue) variances. *10*

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) वित्तीयन की पेकिंग ऑर्डर थियोरी क्या है ? इसकी तुलना पूंजी संरचना की ट्रेड-ऑफ़ थियोरी से कीजिए ।

What is the pecking order theory of financing ? Compare it with the trade-off theory of capital structure. *10*

(b) बॉन्ड कीमतों और ब्याज दर के बीच क्या संबंध होता है ? बॉन्ड पर परिपक्वता पर लब्धि (वाई.टी.एम.) का परिकलन किस प्रकार किया जाता है ? डिस्काउन्ट बॉन्डों, ज़ीरो कूपन बॉन्डों तथा प्रीमियम बॉन्डों को परिभाषित कीजिए ।

What is the relationship between bond prices and interest rate ? How does one calculate yield to maturity (YTM) on a bond ? Define discount bonds, zero coupon bonds and premium bonds. *10*

(c) कल दि इंडिया टाइम्स ने रिपोर्ट किया कि ए.बी.एस. लिमिटेड कल समाप्त हो रहे वर्ष के दौरान (करोपरान्त लाभ) ₹ 200 करोड़ कमाया तथा उसी अवधि में ₹ 100 करोड़ का लाभांश चुकाया । रिपोर्ट ने यह भी उल्लेखित किया कि फर्म का रिटर्न ऑन ईक्विटी (ROE) 20% है । यह मानते हुए कि फर्म यही लाभांश अदायगी अनुपात सदैव बनाए रखेगी, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) फर्म की कमाई संवृद्धि दर क्या है ?

(ii) अगले वर्ष की कमाई क्या होगी ?

(iii) अगले वर्ष का लाभांश क्या होगा ?

(iv) यदि बाज़ार ए.बी.एस. लिमिटेड की ईक्विटी पर परिलब्धि दर (ईक्विटी की लागत) 15% मानता है, तो ए.बी.एस. लिमिटेड के बाज़ार मूल्य (बाज़ार पूँजीकरण) का अनुमान क्या है ?

The India Times reported yesterday that ABS Ltd. earned (profit after tax) ₹ 200 crore during the year ending yesterday and paid out a dividend of ₹ 100 crore during the same period. The report also mentioned that the firm's return on equity (ROE) is 20%. Answer the following questions assuming that the firm will maintain the same dividend payout ratio forever :

(i) What is the firm's earnings growth rate ?

(ii) What will next year's earnings be ?

(iii) What will next year's dividend be ?

(iv) What is the estimate of market value (market capitalization) of ABS Ltd., if market considers 15% as the required rate of return on equity (cost of equity) of ABS Ltd ? *10*

(d) अजय लिमिटेड से सम्बन्धित निम्नलिखित जानकारी का उपयोग करते हुए नक़दी प्रवाह विवरण तैयार करने की प्रत्यक्ष विधि एवं अप्रत्यक्ष विधि की व्याख्या कीजिए :

31/03/2017 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि विवरण

| | |
|---|---|
| विक्रय राजस्व | 90,00,000 |
| बेची गई वस्तुओं की लागत | 80,00,000 |
| अन्य व्यय | 1,50,000 |
| मूल्यह्रास व्यय | 50,000 |
| कर पूर्व मुनाफ़ा | 8,00,000 |
| आय कर व्यय | 3,00,000 |
| निवल मुनाफ़ा | 5,00,000 |

संबद्ध तुलनपत्र लेखे

| | 31/03/2017 | 31/03/2016 |
|---|---|---|
| मालसूची | 50,000 | 70,000 |
| प्राप्य लेखे | 90,000 | 60,000 |
| देय लेखे | 80,000 | 70,000 |
| देय आय कर | 15,000 | 20,000 |

Explain direct method and indirect method of preparing statement of cash flows using the following information pertaining to Ajay Ltd : *10*

Statement of Profit and Loss for the year ended 31/03/2017

| | |
|---|---|
| Sales Revenue | 90,00,000 |
| Cost of Goods Sold | 80,00,000 |
| Other Expenses | 1,50,000 |
| Depreciation Expenses | 50,000 |
| Profit Before Tax | 8,00,000 |
| Income Tax Expense | 3,00,000 |
| Net Profit | 5,00,000 |

Relevant Balance Sheet Accounts

| | 31/03/2017 | 31/03/2016 |
|---|---|---|
| Inventory | 50,000 | 70,000 |
| Accounts Receivable | 90,000 | 60,000 |
| Accounts Payable | 80,000 | 70,000 |
| Income Tax Payable | 15,000 | 20,000 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(e) क्या कारण है कि निर्णयन के लिए परिवर्ती लागत-निर्धारण अवशोषण लागत-निर्धारण के मुकाबले अधिक उपयोगी सूचनाएँ मुहैया कराता है ? उत्पादन परिमाण के विक्रय परिमाण से भिन्न होने की स्थिति में अवशोषण तथा परिवर्ती लागत-निर्धारण में आय सम्बन्ध क्या हैं ? ऐसे सम्बन्धों के घटित होने के क्या कारण हैं ?

Why does variable costing provide more useful information than absorption costing for decision-making ? What are the income relationships between absorption and variable costing when production volume differs from sales volume ? What causes these relationships to occur ? *10*

**Q6.** (a) हॉफ्स्टेड के अनुसार संस्कृतियों के आरपार संगठनात्मक व्यवहार में भिन्नताओं की व्याख्या करने वाले प्रमुख सांस्कृतिक अभिलक्षण क्या-क्या हैं ? किस कारण सांस्कृतिक अनुकूलन महत्त्वपूर्ण है ? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

What are the major cultural characteristics which explain differences in organisational behaviour across cultures according to Hofstede ? Why is cultural adaptation important ? Illustrate with the help of suitable examples. *15*

(b) पूँजी निवेशों का मूल्यांकन करने की 'निवल वर्तमान मूल्य' (एन.पी.वी.) विधि तथा 'आंतरिक परिलब्धि दर' (आई.आर.आर.) विधि की तुलना कीजिए । इन दोनों विधियों में से कौन-सी बेहतर है और क्यों ?

Compare 'Net Present Value' (NPV) method and 'Internal Rate of Return' (IRR) method of evaluating capital investments. Which of the two methods is superior and why ? *15*

(c) "जब प्रबन्धक बेहतर तर्क एवं साक्ष्यों पर कार्य करते हैं, तब उनकी कंपनियाँ प्रतिस्पर्धियों को मात दे देंगी ।" इस वक्तव्य का समालोचनात्मक विश्लेषण विश्लेषकों, विशाल आँकड़ों तथा मानव संसाधन विश्लेषकों के सन्दर्भ में कीजिए । मानव संसाधन (एच.आर.) विश्लेषकों के साथ कौन-से मानव संसाधन निर्णय बेहतर लिए जा सकते हैं ?

"When managers act on better logic and evidence, their companies will trump the competition." Critically analyse this statement in the context of analytics, big data and HR analytics. What HR decisions can be made better with HR analytics ? *10*

(d) लक्ष्य विस्थापन क्या होता है ? अधिकारीतंत्रीय संगठन बहुधा लक्ष्य विस्थापन से पीड़ित होते हैं । जीवन्त उदाहरणों का उपयोग करते हुए व्याख्या कीजिए ।

What is goal displacement ? Bureaucratic organisations often suffer from goal displacement. Explain using live examples. *10*

**Q7.** (a) विवादों के अर्थ और उनके कारणों की व्याख्या कीजिए । औद्योगिक विवाद यदि सुलझाए न जाएँ, तो ये असंतोष पैदा करते हैं जो विभिन्न रूपों में प्रकट होता है । विवादों को सुलझाने के विविध तरीकों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the meaning of disputes and causes thereof. Industrial disputes, if not resolved create dissatisfaction which finds expression in different ways. Explain the various ways of settling disputes. *15*

(b) समायोजनी प्रविष्टियों को रिकॉर्ड करने का क्या उद्देश्य होता है ? लेखाकरण अवधि के अंत में समायोजनी प्रविष्टियों के कुछ विषय होते हैं :

(i) मूल्यह्रास व्यय

(ii) पूर्व प्राप्त राशियों के लिए फ़र्म द्वारा प्रदत्त सेवाएँ

(iii) बकाया ऋण पर देय ब्याज

(iv) बकाया किन्तु नहीं चुकाए गए किराए

उपर्युक्त अन्तर्निहित लेनदेनों के लिए समायोजित प्रविष्टियों का कथन कीजिए । यदि कोई संगठन उपर्युक्त (i) से (iv) समायोजित प्रविष्टियों के विषयों को पारित करने में असफल होता है, तो 'लाभ व हानि विवरण' तथा 'तुलनपत्र' पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

What is the purpose of recording adjusting entries ? Some of the items for which adjusting entries are made at the end of the accounting period are :

(i) Depreciation expenses

(ii) Services provided by the firm for amounts received earlier

(iii) Interest payable on loan outstanding

(iv) Rents due but not paid

State the adjusting entries for the above implicit transactions. If an organisation fails to pass adjusting entries for items (i) to (iv) above, what will be the impact on 'Statement of Profit and Loss' and on 'Balance Sheet' ? *15*

(c) उभरती हुई संगठन संरचनाओं में से दो आभासी और नेटवर्क संगठन हैं । क्या ये पारम्परिक संगठनों के लिए ख़तरा हैं ? क्यों ?

Two of the emerging organisation structures are virtual and network organisations. Are these threats to conventional organisations ? Why ? *10*

(d) क्या भारत को आर्थिक संवृद्धि प्राप्त करने के लिए और अधिक नेताओं, प्रबन्धकों या उद्यमियों की आवश्यकता है ? उनके बीच अन्तरों को आलोकित करते हुए व्याख्या कीजिए ।

Does India need more leaders, managers or entrepreneurs for achieving economic growth ? Explain, highlighting their differences. *10*

www.prepp.in

Q8. (a) क्या कर्मचारी वचनबंध और सशक्तिकरण की संकल्पनाएँ भिन्न हैं ? कर्मचारी सशक्तिकरण के क्या लाभ होते हैं ?

Are the concepts of employee engagement and empowerment different ? What are the benefits of employee empowerment ? *15*

(b) विपणन में अनुसंधान का क्या महत्त्व है ? मान लीजिए कि एक कंपनी एक अनुसंधान अध्ययन करना चाहती है, तो इसके लिए उसकी किस प्रक्रम में से गुज़रने की संभावना है ? चरणों की व्याख्या कीजिए ।

What is the importance of research in marketing ? Suppose a company wants to undertake a research study, what process is it likely to undergo ? Explain the steps. *15*

(c) अतुल महिन्द्रा लिमिटेड की निम्नलिखित पूँजी संरचना है :

| वित्तीयन के प्रकार | खाता मूल्य | बाज़ार मूल्य |
|---|---|---|
| 8% अपरिवर्तनीय ऋणपत्र (एन.सी.डी.) | 5,00,000 | 5,00,000 |
| 7·5% तरजीही (अधिमानी) शेयर पूँजी | 12,00,000 | 10,00,000 |
| ईक्विटी शेयर पूँजी | 8,00,000 | 10,00,000 |
| योग | 25,00,000 | 25,00,000 |

अतुल महिन्द्रा लिमिटेड 40% कर कोष्ठक में है । जोखिम-रहित प्रतिलब्धि दर 8% और अपेक्षित बाज़ार जोखिम प्रीमियम 7% है । अतुल महिन्द्रा लिमिटेड की ईक्विटी बीटा 1·00 है । अतुल महिन्द्रा लिमिटेड के लिए पूँजी की भारित औसत लागत का परिकलन कीजिए ।

Atul Mahindra Ltd. has the following capital structure :

| Type of Financing | Book Value | Market Value |
|---|---|---|
| 8% Non-Convertible Debentures (NCD) | 5,00,000 | 5,00,000 |
| 7·5% Preference Share Capital | 12,00,000 | 10,00,000 |
| Equity Share Capital | 8,00,000 | 10,00,000 |
| Total | 25,00,000 | 25,00,000 |

Atul Mahindra Ltd. is in the 40% tax bracket. The risk-free rate of return is 8% and the expected market risk premium is 7%. The equity beta of Atul Mahindra Ltd. is 1·00. Calculate the weighted average cost of capital for Atul Mahindra Ltd. *10*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(d) "गतिविधि आधारित लागतन (ए.बी.सी.) पद्धतियाँ सदैव पारम्परिक लागतन पद्धति से अधिक यथार्थ होती हैं ।" क्या आप सहमत हैं ? गतिविधि आधारित लागतन किस प्रकार उपरिव्यय आबंटनों में सुधार करती है ?

"Activity Based Costing (ABC) systems are always more accurate than traditional costing systems." Do you agree ? How does ABC improve overhead assignments ? *10*